भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3541
सोमवार, 16 मार्च, 2020/26 फाल्गुन, 1941 (शक)

संगठित और असंगठित क्षेत्र में रोजगार

3541. श्रीमती प्रतिमा मण्डलः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अर्थव्यवस्था के संगठित और असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र में स्नातकों को नौकरी प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) केवल साक्षात्कार के आधार पर भर्ती की जाने वाली सरकारी क्षेत्र की नौकरियों की सूची क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणाम के अनुसार, देश में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में संयुक्त रूप से 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 6.0% थी।

(ख): नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने और विभिन्न जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि की है।

स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश भर में चार वर्षों अर्थात् 2016-2020 के लिए अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) एवं पूर्व सीखने को मान्यता (आरपीएल) के तहत एक करोड़ व्यक्तियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक फ्लैगशीप योजना का कार्यान्वयन कर रहा है।

सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है।

(ग): केवल साक्षात्कार के आधार पर सरकारी क्षेत्र में भरी गई नौकरियों की सूची से संबंधित आंकड़े केंद्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

*****